# दीपावली पर्व को लेकर शहर का बाजार तैयार

## धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में अच्छे व्यापार की आस में व्यापारी, कई सामग्रियों की दुकानें लगीं

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अगले सप्ताह मनाए जाने वाले दीपावली पर्व की शुरूआत होने जा रही है। इस वर्ष दीप पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है शहर के बाजार त्योहारी सामग्री से सज चुके हैं। क्योंकि कार्तिक अमावस्या पर दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व की शुरूआत धनतेरस के दिन से शुरू हो जाती है। धनतेरस के बाद चतुदशी फिर दीपावली का पर्व इसके अगले दिन गोवर्धन पूजा व उसके बाद भाई दोज का पर्व मनाया जाएगा।**

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व धनतेरस के साथ शुरू हो रहा है। धनतेरस के पूर्व दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को आकर्षक रूप देकर साज सजावट का कार्य कर लिया है ताकि धनतेरस पर्व पर उनकी दुकानों पर ग्राहक शुभ मुहूर्त में आकर सामग्री की खरीददारी करें । व्यापारी अब धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर बाजार में ग्राहकों के उमड़ने की उम्मीद कर रहे हैं और इसी के लिए अपने प्रतिष्ठानों की विशेष सजावट कर कारपेट बिछा दिए हैं।

व्यापारियों ने बताया कि त्योहार के मुकाबले बाजार की स्थिति सामान्य है, परंतु अगले कुछ दिनों में अच्छे व्यापार की उम्मीद है। उन्होंने बाजार में कम ग्राहकी का कारण ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज को बताया। ग्राहकों से अपील की कि वे अपने स्थानीय व्यापारियों से ही सामान खरीदें ताकि स्थानीय बाजारों का समर्थन हो सके।

त्योहारी सीजन में बाजार में कपड़ा, रेडीमेड, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल, मिठाई, किराना और ज्वैलरी की दुकानों पर ग्राहकी उम्मीद से कम देखी जा रही है। ज्वेलरी व्यापारियों का कहना है कि करवाचौथ के बाद अब धनतेरस पर बाजार में तेजी आने की संभावना है। बर्तन व्यापारी पंचम ने बताया कि लोग शुभ मुहूर्त पर अधिक खरीदी करते हैं, इसलिए अगले कुछ दिनों तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ रहेगी। दो पहिया वाहनों की दुकानों पर इस वर्ष अच्छे व्यापार की संभावना नजर आ रही है। क्योंकि कई उत्पादों पर जीएसटी घटा दी गई है। प्रतिष्ठानों पर वाहन खरीदने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं।



**मिट्टी की प्रतिमा व दीपक बनाने में जुटे कारीगर**

मिट्टी की लक्ष्मी जी की मूर्ति ओर मिट्टी के दीपक का धार्मिक महत्व है। कुम्हारों को उम्मीद है कि इस दीपावली मिट्टी के दीयों से रोशन होंगे घर-आंगन और मिट्टी की लक्ष्मी मूर्ति भी हर घर-घर होगी। लोगों के घर-आंगन मिट्टी के दीये से रोशन होंगे मां लक्ष्मी की मिट्टी की मूर्ति की पूजन होगी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक मिट्टी का दीपक जलाने से मंगल और शनि की कृपा प्राप्त होती है। इसी प्रकार मां लक्ष्मी की मिट्टी की मूर्ति की पूजन करने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती है।

### ध्वज के सम्मान में ग्रामीणों ने बरसाए फूल

**पड़ाना 13 अक्टूबर, सं.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्षों को लेकर समीप ग्राम मऊ में रविवार मां दुर्गा गौशाला परिसर में 7 गांव के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में 10 बजे के दरमियान घोष की धुन के साथ कदम ताल मिलाते हुए सेकड़ो स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया. जो नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर चौक, हरिहर मोहल्ला,राजपूत समाज श्री राम मंदिर चौक, नारायण मोहल्ला,नेशनल हाईवे ब्रिज चौराहा,सांदीपनी स्कूल रोड, होते हुए वापस गौशाला परिसर पहुंचा. इस दौरान ग्रामीणों ने ध्वज एवं पथ संचालन का विभिन्न गली मोहल्ले में फूल बरसाकर स्वागत व सम्मान किया. कार्यकम की अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रहलाद सिंह परमार, जिला सह संघ संचालक सिद्धनाथ वर्मा, जिला कार्यवाहक अजब सिंह इत्यादि मंचासिन हुए. सिद्धनाथ वर्मा ने कहां की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज में एकता और संगठन की भावना को बढ़ावा देना है.



# रहवासी क्षेत्र में पटाखों के भंडारण पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 13 अक्टूबर, सिरोंज में रविवार को प्रशासन द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की गई. इस दौरान प्रशासन की टीम ने दो लोगों के रहवासी क्षेत्र में बने तीन गोदाम से कई बोरों में भरे पटाखे जप्त किये. इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा कई जगह जांच पड़ताल भी की गई.**

बीते दिनों गंजबासौदा में एक दुकान में पटाखों में आग लगने की घटना घटित हुई थी. जिसके बाद रविवार को सिरोंज में राजस्व विभाग, नगरपालिका एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण को लेकर जांच पड़ताल की गई. इस दौरान नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल, सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की मौजूदगी में टीम ने शहर में रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण के संभावित स्थलों की जांच पड़ताल की.

वही टीम को रहवासी क्षेत्र में पटाखों का भंडारण किये जाने की जानकारी मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. इस दौरान टीम ने सतखनी क्षेत्र में बने गोदाम पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. जहां पर टीम को कई बोरों में भरे पटाखे मिले. जिसपर पटाखों के भंडारण की अनुमति के बारे में संबंधित से जानकारी एवं दस्तावेज के बारे में पूछताछ की गई. इसके बाद प्रशासन की टीम ने पटाखों को जप्त करने की कार्यवाही की. इसके बाद टीम द्वारा घेतल गली क्षेत्र में एक गोदाम पर छापा मारा गया. यहां पर भी प्रशासन की टीम को कई बोरों में भरे पटाखे मिले. इनको भी प्रशासन द्वारा जप्त करने की कार्रवाई की गई.

रहवासी क्षेत्रों में पटाखों के भंडारण से दुर्घटना का भय रहता है. कई शहरों में रहवासी क्षेत्र में पटाखों में आग लगने आदि की घटनायें सामने आती है. बीते दिनों गंजबासौदा में भी एक दुकान में रखें पटाखों में आग लगने की घटना हुई थी. वहीं सिरोंज क्षेत्र में कई सकरी गलियां हैं. जहां पर फायर ब्रिगेड, वाहन आदि आसानी से नहीं पहुंच सकते है. ऐसे में इन सकरी गलियों में गोदाम बनाकर पटाखों का भंडारण किये जाने से दुर्घटना का भय बना रहता है. प्रशासन की टीम द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के भंडारण को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है.

### भावांतर योजना का हो रहा है व्यापक प्रचार-प्रसार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर योजना लागू की गई है। इस योजना के लिए पलेरा विकासखंड में भावान्तर भुगतान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार रेली के माध्यम से किया गया। इसके लिए किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया है तथा फ सल विक्रय के लिए भावांतर अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। कलेक्टर के परिपालन में संबंधित मातहतों ने पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण कर किसान के पंजीयन कार्य को देखा जा रहा है तथा तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

## रास्ते के विवाद में संघर्ष, 9 घायल

### ग्राम खनोटा का मामला

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 13 अक्टूबर, सं. थाना अंतर्गत आने वाले नजदीकी ग्राम खनोटा में सोमवार सुबह शासकीय भूमि से निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिनमे आपस जमकर लट्ठ फरसे चले जिसमे दोनो ओर से दो महिलाओं सहित नो लोग घायल हुए है. इनमे पांच को उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है.**

थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि ग्राम खनोटा में सोमवार सुबह 9ः00 बजे के लगभग शासकीय भूमि से खेत पर जाने के लिए रास्ते को लेकर विवाद हो गया जिस पर एक और से फरियादी हरी सिंह पिता प्यार जी उम्र 60 वर्ष की रिपोर्ट पर आरोपी करण सिंह पिता नारायण सिंह रामबाबू रामनिवास आदि ने लट्ठ फरसे से रामचंद्र सोंधिया उम्र 45 साल बने सिंह सोंधिया उम्र 60 साल जगन्नाथ पिता प्यार जी सोंधीया उम्र 55 साल पर लट्ठ फरसे से हमला कर दिया जिससे कि उनके गले पांव कमर आदि स्थानों पर गंभीर चोट आई है तीनो को उपचार हेतु भोपाल रेफर कर दिया है.

पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियो के खिलाफ जान से मारने की नियत से मारपीट कर जानलेवा हमले के तहत बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है.

# निगम कर्मी के नाम पांच पीएम आवास

नवभारत न्यूज

**सागर 13 अक्टूबर. बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर कॉलोनी में गरीब परिवारों को पक्का आवास देने के लिए बनाए गए 1248 आवासों में अवैध रूप से कब्जा करने, आवासों को किराए पर देने व आवासों को अनाधिकृत रूप से विक्रय करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए सभी ब्लाकों की जांच कर रहवासियों से चर्चा की तथा उनके आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों का अवलोकन किया.**

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के टैक्स कलेक्टर शिवकुमार प्यासी के ए-3 ब्लाक में 4 एवं बी-3 ब्लॉक में एक आवास कुल 5 आवास एवं सफाई दरोगा गोपाल रैकवार का एच- 23 ब्लाक में एक आवास पाया गया, उक्त आवासों को किराए पर दिये गए है. निगमायुक्त द्वारा दोनों कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए. जांच के दौरान पाया गया कि सभी ब्लाकों में बड़ी संख्या में आवासों को किराए पर दिया गया है, निगमायुक्त द्वारा ऐसे आवासों को सीलकर निगम का ताला लगवाकर दरवाजे पर लाल स्याही से अपात्र लिखवाकर उसे निगम के आधिपत्य में लेने की कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति का आवंटन निरस्त करने निर्देश दिए.



### एक नजर में



### प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होना चाहिए

**बीना.** कृषि विकास विस्तार अधिकारी अवधेश राय गांवों में पहुंचकर प्राकृतिक कृषि पर जोर दे रहे है. उनका कहना है कि अब समय है कृषि भूमि को स्वस्थ रखने और प्राकृतिक तरीकों से खेती करने का है. उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और उत्पादन भी अच्छा होता है. प्राकृतिक खेती में रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाता इस प्रकार की खेती में जो तत्व प्रकृति में पाए जाते हैं, उन्हीं को खेती में कीटनाशक के रूप में काम में लिया जाता है. इस दौरान दीपेश मोधे,अजहर खान अभिषेक कौशिक प्रताप बागड़ी सचिन चतुर्वेदी मौजूद रहे.



### वार्डवासियों को नपाध्यक्ष ने दी 30 लाख की सौगात

**सीहोर.** सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत 30 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन नपाध्यक्ष श्री राठौर की अध्यक्षता में भूमि पूजन किया गया. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नपा विकास के कीर्तिमान रचते हुए शहर में अनेक विकास कार्य करने के लिए तत्पर है. विकास के साथ क्षेत्र का सौंदर्यकरण भी हम सबकी जिम्मेदारी है.नपाध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ रखें. स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें. इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेकें. कचरे को हमेशा पालिका द्वारा गाड़ियों या डस्टबिन में ही डालें. वार्ड पार्षद सपना मालवीय ने बताया कि क्षेत्र में तीस लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया है. जिसमें शौचालय, पेवर ब्लाक, प्रवेश द्वार और सीसी निर्माण कार्य शामिल हैं. इस मौके पर अर्जुन राठौर, दिलीप राठौर, कमलेश राठौर सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद थे.

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**बैतूल।** आठनेर थाना क्षेत्र के ग्राम जामा पाठी में रविवार देर शाम एक सड़क हादसे में लोकेंद्र (35 वर्ष) की मौत हो गई। वह मोटरसाइकिल से कौड़िया जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लोकेंद्र की गर्दन में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से पहले भैंसदेही और फिर जिला अस्पताल बैतूल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद लोकेंद्र ने अपनी पत्नी को फोन किया था और उस समय वह होश में थे। बाद में उनकी हालत बिगड़ गई और लकवा हो गया। पुलिस चौकी अस्पताल ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मर्ग डायरी आठनेर पुलिस

### दिवाली से पहले मिलेगी कर्मचारियों को सौगात

**विदिशा,** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने विगत दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट कर केंद्र के समान राज्य के कर्मचारियों का डीए बढ़ाने पर चर्चा हुई है. मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति प्रदान की है. प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि संगठन के माध्यम से हमने मुख्यमंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा की है. मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दे दी है.विभागीय स्तर पर तैयारी चल रही है.आगामी कैबिनेट बैठक में आदेश होने की पूरी संभावना है.

## फसल अवशेष जलाना हुआ प्रतिबंधित

**गुना। जिले में गेहूं, धान और मक्का की फसल कटाई के बाद उनके अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण और आगजनी को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने आज प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया।**

यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के अंतर्गत जनहित में पारित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग के निर्देशों के तहत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा इस आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अनुसार पर्यावरण मुआवजा देना अनिवार्य होगा। 02 एकड़ तक भूमि वाले को 2,500 रुपए, 02 से 05 एकड़ भूमि वाले को 5,000 रुपए और 05 एकड़ से अधिक भूमि वाले को 15,000 रुपए प्रति घटना के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

आदेश में हार्वेस्टर मशीन संचालकों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि फसल कटाई के दौरान भूसा बनाने की मशीन (स्ट्रारीपर) का उपयोग करें और अवशेष स्थल पर ही भूसा बनाकर निपटान सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही आगजनी रोकने हेतु अग्नि सुरक्षा उपाय, रेत और पानी की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। खेतों के आसपास लगे ट्रांसफार्मर से आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए उप खंड कृषि यंत्री और म.प्र. राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण यंत्री निरंतर मॉनिटरिंग करेंगे।

# बच्चों की मौत के मामले में निकाला कैंडल मार्च

## कांग्रेस और एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**शाहपुर। छिंदवाड़ा और बैतूल में कफ सिरफ पीने से बच्चों की दर्दनाक मौत की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।**

इसके विरोध में ब्लॉक कांग्रेस शाहपुर एवं एनएसयूआई शाहपुर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से कैंडल मार्च निकालकर मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की। शहर के प्रमुख मार्गों से निकले इस कैंडल मार्च में क्षेत्र के युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस के नेता पहलवान सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र शुक्ला, आशीष मालवीय, उमाकांत साहू, आयुष शुक्ला, ओम कावड़कर, विवेक ठाकुर, बनवारी लाल अकोले, अमित तिवारी, गुलशन मिश्रा, कमलेश यादव, दिव्यांशु विश्वकर्मा, सिद्धिक कुरेशी, और अनिल गुप्ता उपस्थित रहे।



सभी ने मृतक बच्चों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस हृदयविदारक घटना में जिनकी लापरवाही उजागर हुई है, उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिस प्रकार घटिया कफ सिरफ से निर्दोष मासूमों की जान गई है, वह स्वास्थ्य तंत्र की गंभीर विफलता को दर्शाता है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि दोषी फार्मा कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इस अवसर पर कांग्रेसी मौजूद रहे।

## कदमताल करते निकले पांच बस्तियों के स्वयंसेवक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में शहर में आयोजित हो रहे बस्ती बार पथ संचलन की कड़ी में रविवार को नगर में पांच बस्तियों के अलग-अलग पथ संचलन निकाले गये.**

सभी बस्तियों में एकत्रीकरण, मुख्य वक्ता के बौद्धिक उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुये. जिसमें स्वयंसेवक अनुशासित रूप से नगर के मार्गो से देशभक्ति के गीत गाते हुए निकले. संचलन के पूर्व बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों में मदन मोहन बस्ती में मुख्य अतिथि राजेंद्र मंगल, जटाशंकर बस्ती में सर्जन शर्मा एवं गणेश बस्ती में निशा दीदी, नेहा दीदी ने सहभागिता की. मदनमोहन एवं गणेश बस्ती में विभाग प्रचारक सौरभ सिंह, शिवाजी बस्ती में जिला मुख्य मार्ग प्रमुख अरविंद दांगी, जटाशंकर बस्ती में जिला शालेय विद्यार्थी प्रमुख शिवम बघेल एवं सुभाष बस्ती में जिला सह संपर्क प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव का उद्बोधन स्वयंसेवकों को मिला. नगर की गणेश, शिवाजी, सुभाष, जटाशंकर एवं मदनमोहन बस्ती के अलग अलग मार्गो से निकले पथ संचलन का नागरिकों ने अनेक स्थानों पर रंगोली बनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. गणेश बस्ती एवं मदन मोहन बस्ती में कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गीत से हुआ. अतिथियों का परिचय, अमृत वचन एकल गीत के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने उद्बोधन देते हुए संघ की विकास यात्रा के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने भारत के गौरवशाली अतीत, परंपरा और वर्तमान परिस्थितियों का वर्णन किया. उन्होंने समाज को एकजुटता से संगठित रहने हेतु प्रेरित किया.



### नेत्र शिविर में 23 को निकला मोतियाबिंद

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय श्री वासुदेव वाधवानी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र गुड्डा वासुदेव स्वीट्स के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निःशुल्क कैंप आयोजित किया गया. नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद,विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 63 मरीजों की ओपीडी की गई इसमें से 23 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा.

## एलकेजी शो रूम पर जीएसटी की रेड

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 13 अक्टूबर दीपावली त्यौहार के दौरान चाहे खाद विभाग हो या अन्य कोई विभाग वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये व्यापारियों पर छापा डालते हैं. ऐसा ही आज शहर के एलकेजी ज्वेलर्स पर जीएसटी विभाग ने आकर छापे की कार्यवाही की.**

सूत्रों ने बताया कि टैक्स में कमी को देखते हुए विभाग ने सारे दस्तावेज खंगाले. बताया जाता है कि, बिजनिस तो कागजों में बहुत अधिक रूपयों का बताया गया है लेकिन सरकार के टैक्स में चोरी करते हुए कम से कम टैक्स भरने का प्रयास किया है. सूत्रों की माने तो जो भी कार्यवाही हुई है उसके सारे दस्तावेज जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने अपने साथ ले गये हैं. उनकी जांच करने के उपरांत यह निष्किर्ष निकलेगा कि उक्त शो रूम पर कितने रूपये की टैक्स चोरी हुई है और शासकीय दस्तावेजों में हेराफेरी करने की कोशिश भी हुई है. जैसे ही आज दोपहर को जब सराफा लाईन में जीएसटी विभाग के अधिकारी कर्मचारी आए तो व्यापारियों में हडकंप मच गया था.

बताया जाता है कि, कार्यवाही के दौरान कुछ मादक पदार्थ भी मिलने की संभावना जताई जा रही है. लेकिन जब उन्हें पता चला कि यह छापा एलकेजी ज्वेलर्स और एलकेजी कालोनी स्थित एलकेजी आफिस में भी छापा डाला गया था.

**योजना का लाभ** | **बिटिया का सुकन्या खाता खुलवाकर 21 वर्ष तक धनराशि जमा करने का ऐलान कर लिया उसके भविष्य का दायित्व**

# सड़क हादसे में अनाथ हुई बालिका को 5 .54 लाख का सुरक्षा कवच

नवभारत न्यूज

**गुना। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, ने आज मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए, गुना बायपास पर एक दुखद सडक हादसे में अपने माता-पिता को खो चुकी 2 वर्षीय बच्ची तान्या कुशवाह के भविष्य का दायित्व उठाया।**

मंत्री ने बच्ची के नाम सुकन्या समृद्धि योजना खाता खुलवाकर उसे 21 वर्षों तक की आर्थिक सुरक्षा का कवच प्रदान किया। इस सुकन्या समृद्धि खाते से बच्ची की उम्र 21 वर्ष होने पर उसे 5 लाख 54 हजार रुपए आर्थिक संबल मिलेगा। सिंधिया को जैसे ही इस हृदय विदारक घटना की जानकारी मिली, वह तत्काल दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े हुए और बच्ची को संबल दिया।



उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को गुना में आकाशवाणी के पास प्रियंका और दीपक कुशवाह की सडक हादसे में असमय मृत्यु हो गई, जिससे उनकी 2 वर्षीय मासूम बेटी तान्या अनाथ हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही सिंधिया ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर बिटिया का खाता खुलवाया और धनराशि जमा करने की घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने न केवल खाता खुलवाया, बल्कि यह ऐतिहासिक घोषणा की कि वह अपनी ओर से बच्ची के नाम इस खाते में 21 वर्ष की आयु तक हर वर्ष 12 हजार रुपए की राशि जमा करेंगे।

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया हुए भावुक**

सिंधिया ने भावुक होते हुए कहा कि मासूम बिटिया जिस उम्र में अपने माता-पिता का हाथ थामकर चलना सीख रही थी, आज उसी उम्र में उसका सहारा छिन गया है। एक पिता होने के नाते मैं उसका दर्द महसूस कर सकता हूँ। यह राशि केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि यह उस बिटिया के हौसले और भविष्य की उम्मीद को टूटने न देने का एक संकल्प है, ताकि अब इस बिटिया को किसी भी तरह का डर न रहे।

### निरीक्षण नहीं करने वालों को फटकारा

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर ने भावांतर योजना के तहत किसान पंजीयन एवं पंजीयन केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कई नोडल अधिकारियों द्वारा पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण नहीं करने पर जमकर फटकार लगते हुए कहा कि भावांतर योजना किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना है. भावान्तर योजना के संचालन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जाएगा.